## एक नजर में

### कारगिल विजय दिवस पर किया सैनिक परिवारों का सम्मान



**बड़नगर ।** 26 जुलाई कारगिल विजय दिवस पर भारतीय सैनिकों के सम्मान में भाजपा नगर मंडल ने विधायक जितेंद्रसिंह पंड्या के आतिथ्य में व नगर मंडल अध्यक्ष नवीन राठौड़ की अध्यक्षता में स्थानीय सैनिकों के घर जाकर उनके परिवारजनों का शाल श्रीफल भेंट कर सम्मान किया। नगर के आर्मी मैन अशोक शर्मा निवासी गेंदाबावड़ी, सुनील सतपाड़िया, लखन वर्मा, संतोष वर्मा निवासीगण शिक्षक कॉलोनी, अली मोहम्मद बोहरा निवासी शांति निकेतन, विवेक पंचोली निवासी रामगढ़ कॉलोनी के परिजनों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर नपा उपाध्यक्ष अनीता वर्मा, जिला मंत्री रेखा राठौड़, श्याम शर्मा, नगर उपाध्यक्ष नगर मंत्री गुलशन खटोड़, लता शर्मा, विनीता वाघेला, युवा मोर्चा अध्यक्ष अंकित पाटौदी, रामप्रसाद राठौर, आदित्य सिंह राणावत, मांगीलाल हरोड़, सिराज अली बोहरा व प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित हुए। उपरोक्त जानकारी नगर महामंत्री अंकित त्रिवेदी ने दी।

### वाटिका व विद्यालय के बीच सड़क निर्माण का विरोध करने गिरते पानी में सैकड़ों की संख्या में पहुंचे धाकड़ समाज के लोग

**खाचरौद ।** तहसील के ग्राम चांपानेर में स्थित राधा कृष्ण वाटिका व विद्यालय के मध्य से जबरन सड़क निकाले जाने के विरोध में धाकड़ समाज के लोगों ने तहसील कार्यालय पहुंचकर अनुविभागीय अधिकारी के नाम तहसीलदार अनिल मोरे को ज्ञापन देकर बताया कि समाज के लोगों ने सरपंच पर व्यक्तिगत राजनीतिक द्वेष के चलते गांव का वातावरण तनावपूर्ण बनाने का आरोप लगाया है। धाकड़ समाज ने वैकल्पिक मार्ग की मांग की है और कहा है कि वर्तमान सड़क निर्माण से दुर्घटनाएं बढ़ जाएंगी, बच्चों का खेल मैदान खत्म हो जाएगा वही धार्मिक–सामाजिक कार्य भी बंद हो जाएंगे। समाज ने मामले की निष्पक्ष जांच कर उचित मार्ग से सड़क निर्माण की मांग की है। इस दौरान धाकड़ महासभा युवा संघ के जिला अध्यक्ष नारायण मंडावलिया, महासभा जिला अध्यक्ष शंकरलाल मंडावलिया,जिला महामंत्री अजय वाक्तरिया, मुकेश मंडावलिया, नारायण मेहता, बद्रीलाल पटेल, बद्रीलाल खमोरिया, रामलाल संगीतला, हीरालाल सालित्रा, हेमंतलाल सालित्रा, दुर्गालाल नंदेडा, बाबूलाल काका, मदनलाल वाक्तरिया, ईश्वरलाल कासनिया, बाबूलाल वाक्तरिया, समरथ वाक्तरीया, शांतिलाल खमोरिया, आसाराम ओरा, भरतलाल ओरा, कन्हैयालाल अटोलिया, कन्हैयालाल नायमा, मोहनलाल भंडारी, मांगीलाल खमोरिया सहित सैकड़ों की संख्या में धाकड़ समाजजन मौजूद थे।

### चौराहा पर मारपीट करने वाले आरोपित गिरफ्तार, एक की तलाश जारी

**घट्टिया ।** गत दिनों घट्टिया मेन चौराहा पर कार ओवरटेक करने की बात पर अन्य कार सवार महिला पुरुषों से मारपीट करने वाले आरोपितो को घट्टिया थाना पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार किया। घटना में संलिप्त एक अन्य आरोपित की तलाश जारी है। घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। थाना प्रभारी करण खोवाल ने बताया कि गत दिनों घट्टिया मेन चौराहा पर कुछ युवकों ने ओवरटेक की बात पर विवाद करते हुए अन्य कार सवार महिला पुरुषों से अभद्र व्यवहार करते हुए पाइप से मारपीट कर फ़रार हो गए थे। घट्टिया थाना पुलिस ने मामले की जांच कर गुरुवार को तीन आरोपित रवि पिता शिवनारायण लिमबोदिया निवासी सेमलखेड़ी, लालसिंह पिता बहादुरसिंह माली निवासी मेहतवाडा जिला सीहोर, जयन्त पिता प्रहलादसिंह निवासी मेहतवाडा को गिरफ्तार किया है व एक अन्य आरोपित की तलाश जारी है ।

### आधे सावन बाद, सावन में लगी वर्षा की झड़ी

**घट्टिया ।** कभी तेज कभी कम बारिश से जहां फसलों को लाभ हुआ है वही उमस भरी गर्मी से भी राहत मिली है । वर्षा की कमी लोगों में निराशा का भाव पैदा कर रही थी कि आधा सावन बीत जाने के बाद शनिवार को अल सुबह से कभी तेज कभी हल्की सावन की झड़ी वर्षा हुई । दिनभर की लगातार बारिश से फसलों को लाभ के साथ ही लोगों को भी उमस भरी गर्मी से रात महसूस की है । वर्षा का लंबा समय बीतने के बाद आधे सावन के बाद भी नदी नालों में पानी नहीं आया व बावड़ी तालाब भी कम वर्षा के चलते सूखे पड़े थे कि शनिवार की बारिश से पानी भर गया । बारिश होने से आने वाली फसलों के लिए भी आशाएं बन गई है । किसानों में आज की वर्षा से बहुत राहत महसूस की । बारिश नहीं होने के चलते लोगों ने अनेक टोने टोटके भी किए थे । कहीं–कहीं उजमनी मनाई गई । भोलेनाथ का अभिषेक पूजन कर वर्षा की कामना की गई थी कि आज वर्षा हो गई ।

### घट्टिया से महाकाल तक कलश यात्रा आज

**घट्टिया ।** श्रावण माह के अंतर्गत रविवार 27 जुलाई रविवार को मनकामनेश्वर महादेव मंदिर से कलश यात्रा महाकाल मंदिर पर महाकाल का जलाभिषेक करने के लिए सुबह निकलेगी। यात्रा में माता बहने सिर पर कलश नारियल रखकर महाकाल का जलाभिषेक करने के लिए पैदल जाएगी। यात्रा में माता बहने सर पर कलश नारियल रखकर महाकाल का जलाभिषेक करने के लिए पैदल जाएगी।

### श्री 108 अखंड संगीतमय रामायण पारायण पाठ

**घट्टिया ।** स्व. सेठ राधाकिशन हेड़ा व स्व. जगदीश चन्द्र हेड़ा की स्मृति में श्री चैतन्य हनुमान मंदिर जगोटी के समीप बालाजी परिसर में आगामी रविवार से श्री 108 अखंड संगीतमय रामायण पाठ का आयोजन श्री अवन्तिका रामानुज कोट पीठाधीश्वर स्वामी रंगनाथाचार्य जी के सानिध्य व मां क्षिप्रा अन्नक्षेत्र समिति मध्य मालवा के तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है । रविवार को प्रात: रामायण जी की शोभायात्रा व कलश यात्रा निकलेगी व पुर्णाहुति सोमवार को धार्मिक आयोजन के साथ होगी । उक्त जानकारी आयोजक व पूर्व उप सरपंच अशोक हेड़ा ने दी ।

### अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के अंतर्गत हुई निबंध एवं आशु भाषण प्रतियोगिता

**उज्जैन ।** अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के अंतर्गत, सहकारिता संभाग उज्जैन एवं जिला सहकारी संघ उज्जैन के संयुक्त तत्वावधान में 25 जुलाई को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, चिंतामण जवासिया में निबंध एवं आशु भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, संयुक्त आयुक्त, सहकारिता विभाग संभाग एके सिंह, विशेष अतिथि सहायक आयुक्त एवं प्रशासक जिला संघ संजय कौशल, कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल के प्राचार्य अमितोज भार्गव ने सहकारिता का सप्तरंगी ध्वजे झंडावदन कर, सहकारी गीत का वाचन कर, एक पेड़ मां के नाम अंतर्गत स्कूल प्रांगण में पोधारोपण कर व मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित किया। उपस्थित अतिथियों ने निबंध एवं आशु भाषण विजेता छात्रों को प्रमाण पत्र और शिल्ड देकर पुरस्कृत किये गये।

कार्यक्रम के शुरुआत में छात्रों द्वारा आशु भाषण की बेहद ज्ञानवर्धक प्रस्तुतियां दी गई। जिला सहकारी संघ के प्रभारी प्रबंधक सुमेरसिंह सोलंकी ने स्वागत भाषण में सभी अतिथियों का धन्यवाद करते हुए कहा कि आने वाली पीढ़ी में सहकारिता की अलख जगाने हेतु अधिक से अधिक स्कूलो में इस प्रकार के कार्यक्रम अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के अंतर्गत, आयोजित किये जायेंगे।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ए. के. सिंह, संयुक्त आयुक्त, सहकारिता संभाग ने अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के अवसर पर सभी शिक्षको एवं बच्चो को सहकारिता वर्ष की बधाई देते हुए कहा कि हमें अधिक से अधिक पौधे लगाकर उनकी सुरक्षा का ध्यान रखे, जिससे हमें बढ़ते प्रदूषण से मुक्ति के साथ ही हमें शुद्ध वायु मिलती रहे।

इसके साथ ही उपस्थित सभी बच्चो से अपने घर के आस–पास स्वच्छता का ध्यान रखें जिससे की हम स्वस्थ बने रहें, व साथ हीं अपने आस–पास की सहकारी संस्थाओं में जाकर जानकारी प्राप्त करें। विशेष अतिथि संजय कौशल ने सहकारिता से लाभ हेतु किसी भी क्षेत्र के लिये सहकारी संस्था बनाई जा सकती है, इसमें सहकारिता विभाग आपको पूर्ण मदद करेंगा।

## अभियान के तहत सहस्त्र औदिच्य ब्राह्मण समाज, युवा संगठन ने पौधा रोपण किया

**नागदा। हरियाली अमावस्या के उपलक्ष्य में सहस्त्र औदिच्य ब्राह्मण समाज, युवा संगठन द्वारा पौधारोपण अभियान की शुरुआत की गई। 23 जुलाई को प्रात: 9 बजे रूपेटा रोड स्थित नाग देवता मंदिर के समीप खेत के पास पौधारोपण किया गया।**

इस अवसर पर विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए गए जिनमें अंजीर, पपीता, रतनजोत, हरसिंगार, आम, मीठा नीम, नीम, साबूदाना, स्नेक प्लांट, केल, जामुन, जामफल आदि शामिल हैं। कार्यक्रम में औदिच्य ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष डॉ. प्रदीप रावल एवं पूर्व अध्यक्ष सिद्धनाथ पाठक उपस्थित रहे।

उन्होंने युवाओं के इस कार्य की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। यह पौधारोपण समाज के युवा संगठन द्वारा 20 जुलाई को आयोजित मासिक बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार किया गया है।



बैठक में निर्णय लिया गया था कि समाज द्वारा कम से कम 101 पौधों का रोपण विभिन्न स्थलों जैसे विद्यालय, पुलिस थाना, मंदिर, पार्क आदि स्थानों पर किया जाएगा। पौधा रोपण में समाज अध्यक्ष डॉक्टर प्रदीप रावल, सिद्धनाथ पाठक, चंद्र मोहन शर्मा, निरंजन उपाध्याय, युवा संगठन अध्यक्ष अजय पण्ड्या, मनोज व्यास, शिवमंगल उपाध्याय, दीपक पण्ड्या, निलेश मेहता, राकेश शर्मा, विजय शर्मा, दीपक रावल, पुजारी शर्मा आदि समाज के सदस्य मौजूद रहे। जानकारी समाज के मीडिया प्रभारी निलेश मेहता ने दी।

## श्री गुरु रविदास विश्वमहापीठ ने की सतगुरु रविदासजी की महाआरती

**उज्जैन। हरियाली अमावस्या पर श्री गुरु रविदास विश्वमहापीठ मध्य प्रदेश द्वारा पंचमपुरा स्थित संत रविदासजी के मंदिर में सतगुरु संत रविदास महाराजजी की भव्य संगीतमय महाआरती रविदास सेवक संघ उज्जैन अध्यक्ष मुकेश खलीफा के नेतृत्व में श्री गुरु रविदास विश्व महापीठ मध्य प्रदेश के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश मोहने के मुख्य आतिथ्य मे संपन्न हुई।**

सर्व रविदास अनुयायी समाज परिषद मध्य प्रदेश के प्रदेश महासचिव रमेशचंद्र सुर्यवंशी ने बताया की आरती एवं वृक्षारोपण के पश्चात रविदास सेवक संघ उज्जैन के समस्त पदाधिकारीगणों, वरिष्ठ सामाजिक बंधुवर, युवा साथीयों द्वारा महापीठ के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश मोहने का साफा बाध पुष्पगुच्छ भेट कर स्वागत अभिनंदन किया गया।

इस अवसर पर रविदास सेवक संघ उज्जैन के अध्यक्ष मुकेश खलिफा, उपाध्यक्ष संजय पिपरीया, राजेश सुर्यवंशी विक्रम नगर, दीपक सुनेहरे, जितेन्द्र सुनेहरे, विजय पिपरिया, रोहित सिसोदिया, पेलवान अजय राठौर, जितेन्द्र सुर्यवंशी, यीसु सुर्यवंशी, दयाराम सुर्यवंशी, राजा बिडलिया, निखिल सुर्यवंशी, नकुल सुर्यवंशी, बसंत काका, आदर्श सुर्यवंशी, विजय उज्जैनी, विजुभाई, रवि डोर, भीम बामने, मनोज वामने, संत रविदास जाग्रत युवा संगठन उज्जैन के अध्यक्ष, विनोद चोपडा, आकाश चुरीया, जितेन्द्र मंडोर, शुभम जेवरिया, पंकज जाटव, राहुल चोपडा, विजय चंद्रवंशी, छोटु राजश्री, भजन गायक रामचंद्र गागोलिया, भरत गांगोलिया, दिलीप अहिरवार, अनील अहिरवार, अजाक्स जिलाध्यक्ष डॉ रतनलाल परमार, महासचिव प्रवीण गेहलोत, भेरूसिग परमार, जगदीश गुजराती, अंकित मोहने, सीताराम समरवाल, भागीरथ आमोलिया, राकेश पुजारी, मोतीलाल वमिया, हंसराज मोहने, मुकेश चौहान आदि ने नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष श्री मोहने का पुष्पगुच्छ भेट कर शुभकानाएं प्रेषित की। अंत मे श्री मोहने ने उपस्थितजनों का आभार व्यक्त करते हुए कहा इस जिम्मेदारी को सतगुरु के संदेश मन चंगा तो कठोती गंगा को जनजन तक पहुँचाने का अवसर मानता हुं।

आप सब के सहयोग से महापीठ के कार्यो को पुरे प्रदेश में शिक्षा, सामाजिक न्याय ओर समरसता के कार्यो को प्राथमिकता देते हुए जनजन तक पहूँचायेंगे। समापन पर सर्व रविदास अनुयायी समाज परिषद के जिला महासचिव जगदीश गुजराती ने कहा की यह आयोजन श्री गुरु रविदास विश्वमहापिठ की बड़ी सामाजिक प्रासगिकता का प्रतिक था। श्री मोहने के नेतृत्व मे संगठन मध्यप्रदेश मे नये कितीमान स्थापित करेगा।

## बरसते पानी में उज्जैन की बदहाली के खिलाफ कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन

### शहर में मूलभूत समस्याओं को लेकर कांग्रेस ने दिया धरना




**उज्जैन।** उज्जैन शहर बदहाल है, सड़कें जर्जर, बिगड़ती कानून व्यवस्था, पीने का पानी नहीं, जो पानी मिल रहा वह भी गंदा, आये दिन चोरी, लूटपाट की घटना, हत्या, बलात्कार, शहर में ट्राफिक व्यवस्था ध्वस्त, जगह–जगह चक्काजाम, मुख्यमंत्री का गृहनगर होने के बावजूद आमजन को मुलभूत सुविधाएं नहीं मिल पा रही। ऐसे बदहाल उज्जैन में फैल साबित हो रही भाजपा की ट्रिपल इंजन सरकार के विरोध में शहर और जिला कांग्रेस के संयुक्त तत्वावधान में गोपाल मंदिर पर धरना दिया गया। धरने में कांग्रेस नेताओ ने शहर की मूलभूत समस्याओं को पुरजोर तरीके से उठाया।

शहर (जिला) कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मुकेश भाटी के नेतृत्व में बरसते पानी में कांग्रेसियों ने धरना दिया। धरने में प्रमुख रूप से कमल पटेल, डॉ बटुक शंकर जोशी, मनोहर बैरागी, रवि राय नेता प्रतिपक्ष, अजीत सिंह ठाकुर सहित अन्य नेताओ ने बिगड़ी कानून व्यवस्था, गंदे पानी की सप्लाई, बिजली के भारी भरकम बिल को प्रमुख रूप से उठाया और उन्हें हल करने की मांग की। मुकेश भाटी ने कहा उज्जैन सहित पूरे मध्यप्रदेश में खाद की उपलब्धता में कमी के कारण कृषक काफी परेशानी हैं। नशे के बढ़ते कारोबार के कारण युवाओं में नशे की लत दिनों दिन बढ़ती जा रहीं हैं, नशे के कारण उज्जैन सहित प्रदेश में असामाजिक घटनाए घटित हो रहीं हैं। सडको की हालत जर्जर है, सड़के खराब होने के कारण आये दिन दुर्घटनाएं घटित हो रहीं हैं, सडकों पर हो रहें बड़े–बड़े गड्ढो के कारण बारिश का पानी भर जाने से आवागमन में काफी परेशानीयो का सामना करना पड़ रहा है। मंहगी बिजली होने के बाद भी रहवासियों को पर्याप्त मात्रा में बिजली उपलब्ध नहीं हो पाती हैं, बार–बार बिजली के गुल होने से लोगों में काफी आक्रोश व्याप्त हैं। नर्मदा को उज्जैन लाने के नाम पर करोड़ों खर्च करने के बावजूद जनता को पर्याप्त मात्रा में पानी उपलब्ध नहीं हो रहा हैं। जो पेयजल उपलब्ध हो रहा हैं वह भी गन्दे पानी के रूप में सप्लाय हो रहा है। नगर निगम के संपत्तिकर में जो वृद्धी की गई हैं उसे वापस लिये जाने की भी मांग की गई। उज्जैन शहर अंतर्गत गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले परिवारो के गरीबी रेखा के राशन कार्ड बनाने पर प्रतिबंध लगा दिया गया हैं, उसे पुन: चालू किया जावें। संगठन मंत्री अजय राठौर ने बताया कि इस अवसर पर अशोक सारवान, सुनील कछवाय, अभीषेक शर्मा, विरेन्द्र गोसर, श्रवण शर्मा, मुजीब सुपारी, रमेश परिहार, सतीश मरमट, सोनिया ठाकुर, सपना सांखला, प्रेम लता रामी, अर्पित दुबे, मोहित जयसवाल, जाहिद पहलवान, छोटेलाल मंडलोई, राजेंद्र राठौर, ओमप्रकाश रामी, उत्तम जयसवाल, श्याम जटिया, नीलम विश्वास, रश्मि त्रिवेदी, आनद मीणा, प्रकाश सोलंकी, चुन्नी लाल धैर्य, श्याम जटिया, परमानंद मालवीय, संजय आंजना, बलराम पटेल, अर्पित यादव, संचित शर्मा, अर्पण राठौर, मनीष गोमे, सत्यनारायण राठौर, असलम चूड़ी वाले, दीपेश जैन, बबलू खींची, आनंद मीणा, वरूण शर्मा, फूल चंद जडिया, ललित मीणा, लकी ठाकुर, धर्मेंद्र ठाकुर, दानेश राठी, संदीप सूर्यवंशी सहित सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे। ज्ञापन का वाचन रवि राय ने किया। संचालन राजेश राणा ने किया ओर आभार असलम लाला ने माना।



## नशा मुक्त भारत अभियान कार्यक्रम आयोजित

**घट्टिया । स्व. नागुलाल मालवीय शासकीय महाविद्यालय में नशा मुक्त भारत अभियान कार्यक्रम आयोजित किया गया ।** मुख्य अतिथि थाना प्रभारी करण खोवाल ने नशे से बर्बाद होती युवा पीढ़ी पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए नशे के दुष्प्रभाव व उसके बचाव एवं रोकथाम के बारे में विद्यार्थियों से चर्चा की । उपस्थित विद्यार्थियों को नशा नहीं करने की शपथ दिलाई गई ।

## श्री राजेन्द्र जयंत सेन विद्यापीठ में ग्रीन डे मनाया

**खाचरौद ।** श्री राज राजेन्द्र जयंतसेन विद्यापीठ में 26 जुलाई को ग्रीन डे, चित्रकला प्रतियोगीता एवं रखी मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कक्षा नर्सरी से दूसरी तक के बच्चों ने भाग लिया जिसमें बच्चे हरे रंग के परिधान में आए। बच्चों ने कविताओं के माध्यम से पर्यावरण बचाने का संदेश देकर नर्सरी एवं एलकेजी के नन्हे मुन्नों ने एक छोटी सी नृत्य प्रस्तुति के माध्यम से प्रकृति के प्रति प्रेम और जिम्मेदारी का भाव दिखाया। साथ ही राखी प्रतियोगिता के आयोजन के अंतरगत, कक्षा तीसरी से पांचवी के विद्यार्थियों के लिए राखी से संबंधित चित्रकला प्रतियोगिता और छठी से बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए राखी बनाने की प्रतियोगिता रखी गई थी।

कार्यक्रम का संचालन निखिलेश बरडिया, प्रतिभा पाटीदार और विजय जौहरम द्वारा किया गया। छठीं से बारहवीं कक्षा की राखी प्रतियोगिता की निर्णायक डॉ. सुमिता तिवारी और चंचल बाथम द्वारा किया गया। इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता और कौशल का प्रदर्शन करते हुए विभिन्न प्रकार की राखियां और चित्र बनाए। विशेष बात यह है कि इन राखियों को हमारे देश के सीमा पर तैनात जांबाज फौजी भाइयों को भेजा जाएगा, जो हमारे लिए अपनी जान की बाजी लगा रहे हैं। विद्यालय के इस आयोजन ने विद्यार्थियों को रक्षाबंधन के पर्व के महत्व और भाई–बहन के प्रेम के बंधन को और अधिक गहराई से समझने का अवसर प्रदान किया।

विद्यालय की प्राचार्य वीना कुंदी ने बच्चों की सरहाना की एवं उन्होंने कहा कि प्रकृति के प्रति प्रेम को बच्चों में बचपन से ही सीखना चाहिए। इस कार्यक्रम ने सभी के मन में हरियाली और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाई।




**धर्म–आस्था** | हजारों श्रद्धालु हुए शामिल, मां पार्वती धाम पहुंचकर किया माता पार्वतीजी का जलाभिषेक

## श्री नारायणा धाम से निकली संपूर्ण स्वर्णगिरी पर्वत परिक्रमा यात्रा

### आध्यात्मिक, धार्मिक एवं ऐतिहासिक मान्यतानुसार निकलने वाली यात्रा लेती जा रही भव्य स्वरूप

**उज्जैन।** श्री स्वर्ण गिरी पर्वत स्थित श्री नारायणा धाम में सम्पूर्ण स्वर्णगिरी पर्वत परिक्रमा यात्रा भव्य स्वरूप में निकली। हजारों श्रद्धालुओं ने श्री कृष्ण सुदामा सरोवर एवं महाकालेश्वर मन्दिर परिसर स्थित कोटि कुण्ड के साथ ही पवित्र नदियों के पवित्र जल से श्री कृष्णेश्वर महादेव का जलाअभिषेक कर यात्रा के रूप में नाचते गाते हुए माता पार्वती धाम बरखेड़ा पहुंच कर माता पार्वतीजी का जलाभिषेक किया।



डॉ मोहन शर्मा एवं गोपीलाल आंजना ने बताया कि श्री कृष्ण सुदामा उत्सव समिति के तत्वावधान में निकली यात्रा में प्रात: 8 बजे से मन्दिर पर श्री कृष्ण सुदामाजी के चरण पूजन के साथ श्री कृष्णेश्वर महादेव का जलाभिषेक एवं श्री कृष्ण सुदामा सरोवर व मन्दिर पर एक पेड़ माँ के नाम अभियान का प्रारंभ कर यात्रा प्रारंभ हुई। श्री कृष्ण सुदामाजी के मित्रता स्थली ग्राम–नारायणा धाम पर एक पेड़ माँ के नाम पौधा रोपण कर सम्पूर्ण स्वर्णगिरी पर्वत पर पौधा रोपण प्रारम्भ वरिष्ठ नेता पुर्व राज्य मंत्री दर्जा किशन सिंह भटोल, बहादुर सिंह बोरमुंडला, जनपद अध्यक्ष कृष्णा शिवनारायण सुर्यवंशी, यात्रा संयोजक केशर सिंह पटेल, बहादुर सिंह पंवार एवं अतिथियों द्वारा किया। उसके पश्चात सरोवर के जल के साथ ही पवित्र जल कृष्ण सुदामाजी के चरण पूजन के साथ ही श्री कृष्णेश्वर महादेव को जल अर्पित कर ध्वज पुजन क्रांतिकारी संत अवधेश पुरी महाराज पीठाधीश्वर स्वस्तिक पीठ, गुरु मां डॉ विध्या पुरी महाराज, महंतश्री निलेशानंद महाराज, पुजारी दौलतराम शर्मा, आत्मा राम शर्मा, प्रेम नारायण शर्मा, डॉ भवानी शंकर शर्मा, बद्री लाल शर्मा, संदीप गुरु आदि ने ध्वज पुजन कर यात्रा संयोजक केशर सिंह पटेल के हाथो में देकर यात्रा सम्पूर्ण स्वर्णगिरी तीर्थ पर्वत यात्रा प्रतिवर्षानुसार प्रारंभ हुई। जो नारायणा से चौकी, महूखेड़ा, तुलसापुर, बागला से होते हुवे मां पार्वती धाम पहुंची। यहाँ पर हजारों वर्ष पूर्व माँ पार्वती जी ने तपस्या की थी जिसके साक्ष्य आज भी मौजुद है। मां के चरणों का जलाभिषेक के साथ भोजन विश्राम किया एवं परिसर में माँ के नाम का पौधारोपण मोहन सिंह पंवार, बहादुर सिंह पंवार, धीरज सिंह चौहान, जितेन्द्र मंडोरा, ज्योतिर्विद पण्डित मनोज तिवारी, समाज सेवी हरिसिंह यादव, विजय सिंह गोतम, सुधीर मूणत, करण सिंह द्वारा कर यात्रा पुन: प्रारंभ हुई। यात्रा मार्ग पर चलते हुवे ग्राम–वरखेड़ा बुजुर्ग, से कुकल खेड़ा से बालोदा होकर शेरपुर–चौपाटी पर विधायक दिनेश जैन बॉस ने स्वागत किया। नारायणा धाम पहुंची यात्रा में पूर्व केन्द्रीय मंत्री सत्यनारायण जटिया, ओम प्रकाश मोहने आरती पूजन में शामिल हुए। सवा पाँच कौस (16 किलोमीटर) की यात्रा पूर्णता के साथ प्रभु प्रसादी (भोजन प्रसादी) उपरान्त समापन हुई। सम्पूर्ण मार्ग में केशर सिंह पटेल, डॉ मोहन शर्मा, मोतीराम चौधरी, गोपीलाल आंजना, संजय आंजना, सरपंच भगवान सिंह नारायणा, सरपंच अमृत लाल बालोदा, केशरसिंह आंजना, संदीप आंजना बालोदा, रतन सिंह टी आई, भेरू सिंह आंजना, शरद परमार, अमृत सिंह ठाकुर, जीवन सिंह आंजना, आसाराम आंजना, अमर सिंह आंजना, कमल सिंह, महेश सोनी, विक्रमसिंह आंजना, महेन्द्र सिंह सोलंकी, अशोक आंजना, जगदीश शर्मा पंडितजी, मानसिंह चौधरी, संदीप शर्मा, गौरव आंजना, कमल आंजना, प्रकाश गोयल उदय सिंह, गोविन्द आदि उपस्थित रहे। श्री कृष्ण सुदामा उत्सव समिति ग्राम नारायणा धाम ने समस्त भक्तों से यात्रा में शामिल हुए चल समारोह को भव्य स्वरूप देने में हीरालाल आंजना, भंवर लाल शर्मा, रूगनाथ सिंह, मोतीराम चौधरी, मानसिंह, मायाराम द्वारा मार्गदर्शन मिलता रहा। यात्रा मार्ग में जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन के अधिकारी कर्मचारी व्यवस्था बनाने में लगे रहे।

### स्वर्णगिरी पर्वत का वर्णन श्री मद्भागवत गीता में भी वर्णित

केसरसिंह पटेल ने बताया कि नारायणा धाम से उत्तर दिशा की और स्वर्णगिरी पर्वत का वर्णन श्री मद्भागवत गीता में भी वर्णित होने के साथ अन्य धार्मिक ग्रंथों में भी वर्णित है यहाँ पर श्री कृष्ण और सुदामाजी मित्रों के साथ पूज्य गुरूवर श्री सांदीपनी व गुरू माँ की आज्ञा से लकडियां लेने आए थे और रात्रि विश्राम यहीं किया था ईस लिए यह श्री कृष्ण जी कि कर्म भुमि भी है।

उनकी बिनी हुई लकडियों की गठरी के रूप में पेड़ आज भी मन्दिर परिसर में हरे भरे मौजूद हैं। जिनके दर्शन मात्र से श्रद्धालुओं की सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं।

वही मां पार्वती धाम पर मां पार्वती जी ने तपस्या कि थी जिसके प्रमाण आज भी मौजूद है हमारे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादवजी के द्वारा भी कई बार श्री कृष्ण सुदामा धाम ग्राम–नारायणा धाम एवम उत्तर में (कालगणना स्थल) ग्राम डोंगला का जिक्र करते हुए कहते है कि श्रीकृष्ण जी अपने मित्रों के साथ लिलाएँ करते हुए कालगणना कि दृष्टि से भी आए होंगे।